## वारदात के बाद से फरार हो गया था आरोपित, पिस्टल व कारतूस जब्त

# प्रेमिका की मां पर कातिलाना हमला करने वाले नाबालिग आरोपित को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के पड़वार गांव में प्रेमिका की मां को मामूली विवाद पर गोली मारने वाले नाबालिग आरोपित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित नाबालिग सिहोरा के हिरन नदी पुल के पास भागने के लिए वाहन के इंतजार में खड़ा था। उसी दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित को पकड़ लिया। उसके पास से देशी पिस्टल भी जब्त की गई है।

एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर ने बताया कि 12 मई को पड़वार गांव में प्रेमी ने प्रेमिका की मां को उस समय गोली मार दी थी, जब वह एक्सीडेंट में घायल होने पर उसे देखने गई थी। आरोपित नाबालिग का महिला की बेटी के साथ प्रेम संबंध था। महिला के साथ उसकी बेटी भी आरोपित को देखने गई थी। उसी दौरान वह बेटी को देखरेख करने के लिए छोड़कर जाने की जिद करने लगा और महिला ने इस बात से इंकार किया तो किशोर ने देशी पिस्टल निकालकर महिला पर फायर कर दिया था। जिसमें गोली उसके सीने के पास लग गई थी। महिला का उपचार जबलपुर में चल रहा है, जहां उसकी हालत में सुधार है। घटना के बाद आरोपित फरार हो गया था जिसको लेकर थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखिलेश दाहिया की अगुवाई में तीन टीमों का गठन किया गया था और उसकी तलाश की जा रही थी। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित सिहोरा के हिरन नदी पुल पास खड़ा है और कहीं भागने के फिराक में है। जिसके चलते टीम मौके पर रवाना की गई। पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया।



पुलिस ने आरोपित से पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि घटना के बाद वह भागकर गांव के जंगल के पास चला गया था। जंगल में सागौन प्लांट में बनी पानी की टंकी के पास लगे महुआ के पेड़ के नीचे खोदकर उसने पिस्टल मिट्टी के नीचे दबा दी थी। पुलिस ने जंगल से देशी पिस्टल व कारतूस जब्त किया है। वहीं आरोपित ने पुलिस को बताया कि उसने देशी पिस्टल लगभग दो साल पूर्व जबलपुर से खरीदी थी।

कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, उनि संतराम यादव , काशीराम झारिया , सउनि बी एम चौधरी प्र.आर. अंजनी मिश्रा , तेजप्रकाश सिह , आशीष आर्मो , अंकित दुबे , जय सिह आर. मनीष पटेल , रजनीश , बृजेश , सोने सिह ,अभिषेक राजावत , राजा साहू , सौरभ पटेल की विशेष भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक व्दारा टीम को नगद ईनाम देने की घोषणा की गयी है ।

## बीते 24 घंटों में जिले में 4.8 मिमी दर्ज हुई वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में 1 जून से 2023 से 15 मई 2024 तक कुल 1121 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 998.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 122.5 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 15 मई 2024 तक जिले के तहसील वार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 1225.2 मिलीमीटर, रीठी में 1145.4 मिमी, बड़वारा में 1145.0 मिमी, बरही में 1145.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 1013.1 मिमी, बहोरीबंद में 870.9 मिमी, स्लीमनाबाद में 1314.2 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 1206.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू- अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में जिले की सभी तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे 4.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई। जिसमें कटनी तहसील अंतर्गत 2.0 मिमी, रीठी तहसील में 2.0 मिमी, बड़वारा तहसील में 13.0, बरही तहसील में 0.0 मिमी, विजयराघवगढ़ तहसील में 20.0 मिमी, बहोरीबंद तहसील में 0.0 मिमी, स्लीमनाबाद तहसील में 0.0 मिमी और ढीमरखेड़ा तहसील में 1.0 मिमी वर्षा रिकॉर्ड हुई है।

### मुहांस की दान पेटियों की राशि की गणना आज

**कटनी**। तहसील रीठी के ग्राम मुहांस स्थित सार्वजनिक श्री हनुमान जी महाराज मंदिर ट्रस्ट की दान पेंटियों की दान राशि की गणना के संबंध में विगत दिवस आयोजित बैठक के दौरान ट्रस्टीगणों द्वारा सर्व सम्मति से लिये गए निर्णय अनुसार 16 मई 2024 को गणना की जानी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रीठी ने सार्वजनिक श्री हनुमान जी महाराज मंदिर ट्रस्ट मुहांस तहसील रीठी के समस्त ट्रस्टीगण को गुरूवार 16 मई को प्रातः 11 बजे हनुमान जी महाराज मंदिर मुहांस में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने हेतु सूचित किया है।

## खबर संक्षेप

### बिना दस्तावेज वाहन चलाने पर काटे चालान

**कटनी**। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे के नेतृत्व में मिशन चौक पर सघन जांच की गई। इस दौरान एक सैकड़ा ई रिक्शा वाहनों के खिलाफ कार्यवाही को अंजाम दिया गया। यातायात विभाग की इस कार्यवाही से हड़कंप की स्थिति निर्मित रही। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि जांच में बहुत से ई रिक्शा चालक ऐसे मिले जो कि बिना दस्तावेज के ही शहर में फर्राटा भर रहे थे। कई ई रिक्शा चालकों के द्वारा यातायात नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही थी। ऐसे सभी वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनसे जुर्माना वसूल किया गया। यातायात थाना प्रभारी श्री पांडे ने कहा कि ई रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्यवाही का क्रम आगे भी जारी रखा जाएगा।

### दो कैप्सूल वाहनों पर 12 हजार रूपए लगाया जुर्माना

**कटनी**। जुहला बाईपास चौकी द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान 2 कैप्सूल वाहन (बल्कर) क्रमांक MP 19 HA 0978 एवं MP 19 HA 3071 को रोककर चेक किया गया। जिसमे दोनों 22 चका वाहनों में केवल 18-18 चके लगे पाए गए। रजिस्ट्रेशन चेक करने पर दोनों वाहनों मे एक-एक एक्सेल कम लगा कर रजिस्ट्रेशन शर्तों का उल्लंघन कर यान में परिवर्तन करना पाया गया। जिस पर वाहन को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुरक्षार्थ थाना NKJ में खड़ा कराया गया एवं प्रत्येक कैप्सूल वाहन का मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के अन्तर्गत 6 हजार इस प्रकार कुल 12 हजार रुपये का चालान बनाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान चौकी प्रभारी जुहला बाईपास सूबेदार मोनिका खड़से, सउनि राजेश कोरी, आरक्षक दीपक चक्रवर्ती एवं डूमन दास उपस्थित रहे।

### एवरेस्ट कंपनी के कबाड़ में लगी आग

**कटनी**। कैमोर में स्थित एवरेस्ट कंपनी के कबाड़ में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात अचानक आग लग गई। आग लगने से कबाड़ और वहां पर लगे काफी संख्या में पेड़-पौधे जल गए है। आग लगने की सूचना मिलते ही मौक पर कैमोर नगर परिषद के सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा अपने कर्मचारियों सहित मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड कर्मियों के सहयोग से आग बुझाना शुरू की गई है। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने से किसी तरह की जनहानी नहीं हुई है। कैमोर नगर परिषद के सीएमओ धमेन्द्र शर्मा ने बताया कि रात करीब दो बजे एवरेस्ट कंपनी के कबाड़ में आग लग गई थी। सूचना मिलते ही मौके पर फायर बिग्रेड भेजी गई। करीब आधे की आग बुझाने की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने से कबाड़ और वहां पर लगे पेड़-पौधे जल गए हैं। किसी तरह की जनहानी नहीं हुई है। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर आग लगी थी उससे करीब 30 फीट की दूरी पर नगर परिषद भवन और सीएमओ आवास भी है, इसके अलावा लगभग 35 फीट की दूरी पर एक स्कूल भी है।

### कक्षा 5 एवं 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से

**कटनी**। स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कक्षा 5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य का अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनः परीक्षा केन्द्र जन शिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केंद्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुँचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा।

## कलेक्टर के निर्देश के बाद निराकरण में आई तेजी

# एक हजार से अधिक सीमांकन प्रकरणों का निबटारा, ढीमरखेड़ा तहसील अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान में तेजी आई है। मैदानी राजस्व अमला और राजस्व अधिकारियों के सद्प्रयासों की वजह से अभियान के दौरान अब तक 1118 सीमांकन प्रकरण निपटाये जा चुके है। अभी भी यह कार्य सतत रूप से जारी है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा राजस्व अधिकारियों को आर.सी.एम.एस. पोर्टल पर लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज लंबित सीमांकन प्रकरणों को समय-सीमा में प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए गये थे। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि वर्तमान में खेतों से फसल की कटाई हो जाने से खेत खाली है। जिससे सुविधाजनक ढंग से सीमांकन कार्य किया जा सकता है। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में हुई कारगर पहल की वजह से इसके निराकरण में तेजी आई है।

### कलेक्टर हर दिन कर रहे समीक्षा

कलेक्टर और अपर कलेक्टर सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की प्रतिदिन समीक्षा करते है। सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में आई तेजी की वजह से बड़ी संख्या में किसान भाइयों से सीमांकन के आवेदन प्राप्त हो रहे है।

### संतुष्टि के साथ हो रहा सीमांकन

कलेक्टर के निर्देश पर संचालित विशेष अभियान के तहत निराकृत सीमांकन प्रकरणों के प्रति किसानों का भरोसा बढ़ा है। निराकृत प्रकरणों का आर.सी.एम.एस. पोर्टल में दर्ज मामलों पर किसान भी खुश है।

कलेक्टर के निर्देश के बाद सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले की तहसीलों में ढीमरखेड़ा तहसील 200 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर अव्वल स्थान पर है। जबकि कटनी नगर 139 मामलों के निपटारे के साथ दूसरे स्थान पर है और बरही तहसील ने 119 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा कर तीसरे पायदान पर है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील में 117 सीमांकन प्रकरण निपटाये गये। इस प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले में चौथे स्थान पर है।

जिले की रीठी तहसील 115 सीमांकन प्रकरण निपटाकर पांचवें, बड़वारा तहसील 114 सीमांकन प्रकरण निराकृत कर छठवें पायदान पर और स्लीमनाबाद तहसील 112 सीमांकन प्रकरण के निपटारे के साथ सातवें और कटनी तहसील 110 प्रकरण निराकृत कर आठवें स्थान पर है। जबकि बहोरीबंद तहसील 92 प्रकरणों के निपटारे के साथ अंतिम पायदान पर है।

## जिले में खनिज माफियाओं के विरूद्ध लगातार हो रही कार्रवाई

# मुरूम और रेत के अवैध उत्खनन पर लगाया साढ़े 5 लाख का अर्थदंड व प्रशमन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने खनिज मुरूम और रेत के अवैध उत्खनन के कटनी एवं विजयराघवगढ़ तहसील के दो अलग-अलग मामलों को मिलाकर 5 लाख 54 हजार 390 रूपये का अर्थदंड और प्रशमन शुल्क अधिरोपित किया है। इस प्रकार जिले में खनिज माफिया के विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला अनवरत जारी है।

कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर न्यायालय द्वारा अर्थशास्ति और प्रशमन शुल्क लगाया है। खनिज मुरूम के 300 घन मीटर के अवैध उत्खनन के लिए अरविंद सिंह बब्लू राजा पिता आनंद सिंह निवासी शाहनगर पन्ना द्वारा ग्राम अमराडांड तहसील कटनी के खसरा नंबर 218 रकवा 10.55 हेक्टेयर भूमि के अंश भाग पर अवैध उत्खनन किया गया। कलेक्टर न्यायालय द्वारा 300 घन मीटर अवैध उत्खनित मुरूम की रायल्टी राशि 15 हजार रूपये की अर्थशास्ति 2 लाख 25 हजार रूपये तथा पर्यावरण क्षतिपूर्ति 2 लाख 25 हजार रूपये को मिलाकर 4 लाख 50 हजार रूपये और प्रशमन शुल्क के रूप में एक हजार रूपये जमा करने का आदेश दिया है।कलेक्टर न्यायालय ने विजयराघवगढ़ तहसील में अवैध उत्खनन के एक अन्य मामले में सुनील परौहा पिता सुरेन्द्र परोहा खसरा नंबर 1 रकवा 8.770 हेक्टेयर भूमि के अंश भाग पर खनिज रेत कुल 27.3 घनमीटर की रायल्टी राशि 3413 रूपये की अर्थशास्ति 51 हजार 195 रूपये तथा पर्यावरण क्षतिपूर्ति 51 हजार 195 रूपये को मिलाकर कुल एक लाख 2 हजार 390 रूपये की राशि और एक हजार रूपये का प्रशमन शुल्क जमा करने का आदेश पारित किया है। दोनों मामलों में जुर्माने की राशि जमा भी कर दी गई है।

# अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया चकाजाम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मेला मैदान और सरकारी अस्पताल में अवैध कब्जा हटाने को लेकर कन्हवारा में आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। लगभग 2 घंटे तक ग्रामीण सड़क पर नारेबाजी करते हुए बैठे रहे, बाद में हल्का बल प्रयोग करते हुए पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को सड़क से हटाया और आवागमन शुरू हो सका। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने नारे बाजी करते हुए मंदिर पहुंच मार्ग खाली करवाने आवाज बुलंद की। प्रदर्शन करियों ने कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।



गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व कन्हवारा के लोगों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कब्जा खाली कराने की मांग की थी। ज्ञापन सौंपने के दौरान लोगों ने यह भी कहा था कि यदि दो दिन के अंदर कब्जा नहीं हटाया जाता तो वे चक्का जाम करेंगे। ग्रामीणों द्वारा दो दिन पूर्व दी गई चेतावनी के अनुसार बुधवार को उन्होंने चक्का जाम कर दिया। बुधवार को भी स्थानीय लोगों ने कलेक्टर के नाम नायक तहसीलदार को ज्ञापन सोपा है। जिसमें उन्होंने चेताया है की अगर 10 दिनों के अंदर कब्जा खाली नहीं करवाया गया तो ग्रामीण जन सामूहिक आत्मदाह करने विवश होगे। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

प्रदर्शन के दौरान दुर्गा पांडे, पुरुषोत्तम कुशवाहा, अंगद बर्मन, जियालाल, धान बाई कुशवाहा, ममता बाई, अनुज पांडे, कारी गोंटियां, चंद्रभान, धन्नी बर्मन, सुत्ता बर्मन, कोदू, सूरज, आदि भारी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रहीं।

## आबकारी अमले ने बरही क्षेत्र के ग्रामों में की कार्यवाही

# 64 हजार रूपए की अवैध मदिरा एवं लाहन जब्त, 10 प्रकरण किये पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय और निर्माण रोकथाम हेतु आबकारी विभाग द्वारा निरंतर विशेष अभियान चलाया जाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी आर.के.बघेल के निर्देशन में मंगलवार को चलाये गए विशेष अभियान के तहत आबकारी वृत्त बड़वारा, बहोरीबंद और ढीमरखेड़ा के संयुक्त मार्गदर्शन में बरही क्षेत्र के समीपवर्ती ग्रामों करौदी खुर्द, बुजबुजा, गढौहा, खितौली, मैदकीपार, करेला, डूडी और भटवां में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत





दबिश की कार्यवाही की गई। इस दौरान आबकारी की टीम द्वारा 600 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 14 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा तथा 103 पाव देशी मदिरा की जब्ती की कर्यवाही की गई। जब्त किये गये लाहन तथा मदिरा का अनुमानित मूल्य लगभग 64 हजार रूपये है।

दबिश की कार्यवही के दौरान 10 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के पंजीबद्ध किये गये तथा मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

दबिश की कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी आबकारी उपनिरीक्षक मोना दुबे, महेन्द्र शुक्ला, एस.डी सिह, कृष्ण कुमार पटेल, केशव प्रसाद उईके आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, राजेश गौटिया, चन्द्र प्रकास त्रिपाठी, सम्मिलित रहे। जिला आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि जिले में इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## अपर कलेक्टर ने कान्हा डेयरी फर्म पर की बड़ी कार्यवाही

# अवमानक खाद्य सामग्री के विक्रय पर 1 लाख रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत रूप से जारी है। जिसमें प्रतिष्ठानों को सील करने, लाइसेंस व पंजीयन निलंबित करने, जुर्माना अधिरोपित करने सहित दांडिक कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने अमानक खाद्य सामग्री के विक्रय पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की के तहत नई बस्ती स्थित फर्म पर 1 लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में अनावेदक अनावेदक अमित सुंदरानी पिता श्री रमेश सुंदरानी निवासी नई बस्ती फर्म कान्हा डेयरी पर अवमानक दही एवं पनीर का विक्रय करने पर 1 लाख रूपए का आर्थिक दंड अधिरोपित किया है।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में अनावेदक को उपरोक्त अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से निर्धारित हैडों में खाद्य अपमिश्रण एवं औषधि नियंत्रण के अंतर्गत लाइसेंस फीस अर्थदंड आदि के खाते में 30 दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति न्यायालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए है।

### यह है प्रकरण

खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी द्वारा 9 जून 2023 को नई बस्ती स्थित कान्हा डेयरी में सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायत के आधार पर निरीक्षण की कार्यवाही संचालन की उपस्थिति में की गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर दूध, दही, पनीर वगैरह संग्रह कर विक्रय करते पाए गये। उक्त व्यवसाय का थैP के अंतर्गत लाइसेंस पाया गया।

विक्रय किये जा रहे दूध, दही एवं पनीर में मिलावट की आशंका होने पर अमूल पैक्ड मिल्क, दही एवं पनीर मानक स्तर की जॉच हेतु नियमानुसार नमूना संचालक अमित सुंदरानी पिता रमेश सुंदरानी के समक्ष लिया जाकर समस्त कार्यवाही का पंचनामा बनाकर गवाह एवं विक्रेता को पढाकर हस्ताक्षर लिए जाकर नमूना सील बंद पैकेट में खाद्य विश्लेषक, राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया।

कार्यालय अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन कटनी ने अपने पत्र के साथ दही एवं पनीर के नमूने का जांच प्रतिवेदन प्रेषित कर उक्त नमूने अवमानक पाया जाना सूचित किया। अभिहित अधिकारी द्वारा प्रकरण में आवश्यक विवेचना कर संबंधितों के विरुद्ध समस्त मूल तथा अन्य दस्तावेज अभियोजन की अनुशंसा हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कार्यालय अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला-कटनी के पत्र द्वारा उक्त अभियोजन स्वीकृति आदेश प्रेषित करते हुये प्रकरण को सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया।

प्रकरण में अवमानक दही एवं पनीर का विक्रय करने कारण आवेदक के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 सहपठित धारा 51 का उल्लंघन पाये जाने पर लोक स्वास्थ्य हित में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जुर्माने से दण्डित करने का अनुरोध किये जाने पर

प्रकरण पंजीबद्ध कर उभय पक्षों को सुनवाई की गई। अनावेदक ने अपने पक्ष समर्थन में कथन प्रस्तुत किया कि जांच में मेरे द्वारा विक्रय जाने वाले पदार्थ अवमानक स्तर के पाए गए। मेरे तरफ से चूक हुई, मुझे क्षमा करके एक मौका देने की कृपा करें।

आवेदक ने अपने परिवाद के साथ दस्तावेजी साक्ष्य पेश किये हैं, जिससे परिवाद सिद्ध होना तथा दोषी होना पाया गया। इस दौरान अनावेदक द्वारा परिवाद झूठा एवं निराधार ऐसा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकने के कारण न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा अनावेदक को एक लाख रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

# बेदखली आदेश के बाद भी नही हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद अंतर्गत गणेशपुर ग्राम पंचायत स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में ग्राम गणेशपुर निवासी बलराम पटेल पिता सेवा लाल पटेल द्वारा अतिक्रमण किया गया है जिसकी शिकायत ग्राम पँचायत गणेशपुर के सरपंच पुष्पराज सिंह के द्वारा न्यायालय तहसीलदार बड़वारा के समक्ष की गई है जिसके परिप्रेक्ष्य में तहसीलदार बड़वारा के द्वारा रा0 प्र0 क0 0005/ अ - 68/23-24 दिनांक 23.03.2023 को बेदखली का आदेश जारी किया जा चुका है। आदेश में पटवारी हल्का नम्बर 22 को राजस्व निरीक्षक के साथ जाकर आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में बलराम पटेल पिता सेवा लाल पटेल द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटवाने तथा बेदखली आदेश का पालन करवाकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को



लिखा गया है। बेजा कब्जा धारी व्यक्ति द्वारा कब्जा न हटाने की स्थिति में पुलिस बल के सहयोग से बलपूर्वक कब्जा हटवाने के लिए आदेशित किया गया है किन्तु आज भी बेजाकब्जा धारी व्यक्ति द्वारा दबंगई से किये गए कब्जे को नही हटवाया जा सका। पत्र के माध्यम से ग्राम सरपंच ने आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में किये गए अतिक्रमण को हटाये जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### आदित्य का सुयश



**दमोह।** नगर के सागर रोड सेंट्रल बैंक के पास निवासी आदित्य शर्मा पिता राकेश शर्मा ने कक्षा बारहवी गणित संकाय सीबीएसई में 96.2 प्रतिशत प्राप्त कर पीसीएम संकाय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर जिले के कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा सम्मानित किया। आपको ज्ञात को कि आदित्य द्वारा पूर्व में भी जेईई मेन्स 2024 में 99.89 पर्सेटाइल हासिल कर जिले का गौरव बढाया। उनकी दोहरी उपलब्धि पर शाला गुरू नानक एजूकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा एवं शाला के समस्त पदाधिकारीयों व स्कूल के प्राचार्य,शिक्षको ओर शुभचितकों द्वारा शुभकामानयें देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आज होगा लोक गीतों का प्रसारण

**दमोह।** आकाशवाणी छतरपुर से लोकगीतों का प्रसारण में दमोह के पं. नंदराम तिवारी संगीत शिक्षक की आवाज में 16 मई 2024 को सुबह 9 बजे लोकरंग क्रम में होगा। पं.नंदराम तिवारी ने बताया कि उन्होंने आकाशवाणी छतरपुर रेडियो स्टेशन में हारमोनियम वादन, सुगम संगीत एवं लोकगीत गायन इन तीनों विधाओं में सिलेक्शन अथवा कम्पटीशन में पास हुए हैं दमोह जिले के लिए गर्व की बात है कि अपने क्षेत्र के कलाकार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन्हें बधाई देने वाले में कृष्ण कुमार चौबे, शिवदयाल प्रधान, कमलेश प्रधान, पूजारूपा तिवारी, श्रीमती बबीता चौबे, संजय पेंटर, सुनील एवं अन्य कलाकार साथियों द्वारा बधाई दी गई।

## संदेशवाहक रोहित ने कर्ज चुकाने के लिये की थी लूट की वारदात, पुलिस ने चंद घंटों में किया खुलासा

# बैंक कर्मी ही निकला लूट का मास्टर माइंड: दोस्तों के साथ दिया घटना को अंजाम, स्वयं को घायल बंधक बना लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में मंगलवार की रात थाना मगरोन के अंतर्गत फतेहपुर के मध्यांचल ग्रामीण बैंक में हुई 41 लाख रुपये से अधिक की लूट की वारदात का पुलिस ने का चंद घंटों में ही खुलासा कर दिया है। खास बात यह है कि घटना की सूचना देने वाला घायल बैंक कर्मचारी भी लूट की साजिश में शामिल निकला है। उसने ही लोन चुकाने के दोस्तो के साथ मिलकर इस घटना की साजिश रची। पुलिस ने साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे रकम भी बरामद कर ली है। दमोह पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, कट्टा, मोबाइल और बैंक से लूटी हुई कुल रकम 41,23,327 रुपये जब्त किए हैं। थाना मगरोन में अपराध क्रमांक-97/24 धारा 394 भादवि का मामला दर्ज किया गया। आरोपियों में



फतेहपुर निवासी रोहित पिता हरिनारायण विश्वकर्मा 25 वर्ष बैंक कर्मचारी, पिपरिया घनश्याम निवासी दुर्गेश उर्फ कमलेश पिता कल्लू काछी (25 वर्ष) और फतेहपुर निवासी देवी उर्फ दिव्वल पिता लोटन काछी (23 वर्ष) शामिल हैं। दरअसल, बैंक के शाखा प्रबंधक कपिल रैकवार 14 मई 2024 को शाम 8 बजे फतेहपुर चौकी पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि शाम करीब 7 बजकर 45 मिनट पर वह अपने बैंक के साथी हरिनारायण विश्वकर्मा के साथ देहात स्थल का निरीक्षण कर बैंक पहुंचे तो बैंक के संदेश वाहक रोहित विश्वकर्मा ने उन्हें लूट की जानकारी दी। रोहित ने प्रबंधक को बताया कि कुछ बदमाश मुंह पर कपड़ा बांध कर आये थे और मुझे कट्टा दिखाकर मेरे साथ मारपीट की। वे बैग से चाबी निकाल कर तिजोरी (सेफ) में रखी बैंक की कुल रकम 41,23,327 रुपये लूट कर ले गए।

शाखा प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। सागर जोन के आईजी प्रमोद वर्मा, सागर रेंज के डीआईजी सुनील जैन और एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित कर जांच-पड़ताल शुरू की गई। दमोह में नाकाबंदी कर बैंककर्मियों से पूछताछ की गई। जांच के दौरान

### ऐसी रची थी बैंक लूटनें की साजिश-

वही बैंक प्रबंधन द्वारा पुलिस को बताया गया कि बैंक बंद होने के बाद बैंक में दो कर्मचारियों की ड्यूटी थी जिसमें गाड्र रोहित विश्वकर्मा ने पूरे मामले का षड्यंत्र पहले से रचा हुआ था उसने अपने दो साथियों को बैंक बुलाया एवं नकाबपोश की शक्ल में खुद पर ब्लड तथा अन्य हथियारों से अपने आप को चोटिल कराया इसके बाद 41 लाख रुपए से ज्यादा की लूट को अंजाम दिया गया और उसी सिक्योरिटी गार्ड द्वारा घटना के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी थी।

संदेशवाहक रोहित के कथनों और प्राप्त साक्ष्यों में विरोधाभास पाया गया। कई घंटों की पूछताछ के बाद रोहित ने अपने दोस्तों दुर्गेश और देवी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। रोहित ने पुलिस को बताया कि उसके ऊपर बहुत कर्ज था, जिसको चुकाने के लिये उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। वह इस फिराक में था कि अधिक से अधिक रकम निकाली जा सके। उनसे यह भी स्वीकार किया कि उसे आई चोट भी स्वयं द्वारा कारित की गई है।

पुलिस द्वारा गठित टीम में दमोह के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, पथरिया के एसडीओपी रघु केशरी, हटा के एसडीओपी नीतेश पटेल और पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सायबर टीम, फोटोग्राफी और फोरेंसिक टीम शामिल थीं।

## बिल्डिंग परमिशन में पास नक्शा से अधिक कंस्ट्रक्शन करने वालों को नोटिस जारी होना प्रारंभ-कलेक्टर

**सात दिन में अर्थदण्ड जमा नहीं करने पर होगी कार्यवाही**

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया ऐसी दुकानों और आवासों जिनकी बिल्डिंग परमिशन ली गई है, लेकिन उस बिल्डिंग परमिशन में जो नक्शा पास हुआ है उससे परे जाकर, अधिक कंस्ट्रक्शन किया गया है, ऐसे लोगों के लिए आज से नोटिस जारी होना प्रारंभ हो गये है। यह नोटिस 7 दिन के लिये हैं, यदि 7 दिनों के भीतर उसकी कंपाउंडिंग नहीं करते हैं यानि उसका शासन के नियामानुसार अर्थदण्ड जमा नहीं करते हैं, ऐसी स्थिति में उन अतिक्रमणों को तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया उच्च न्यायालय के इस संबंध में स्पष्ट आदेश है। उन्होंने कहा सभी से आग्रह है जिन लोगों को यह नोटिस मिल रहे हैं, वे इसकी कंपाउंडिंग की कार्रवाही 07 दिवस के भीतर समय रहते पूर्ण कर लें। यदि कंपाउंडिंग की कार्रवाई पूर्ण नहीं होती है, तो ऐसी स्थिति में नगरपालिका द्वारा इन अतिक्रमणों को तोड़ने की कार्रवाई की जायेगी

## मतगणना प्रशिक्षण आज

**दमोह।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने कार्यालय प्रमुख नवोदय विद्यालय समिति हटा, केन्द्रीय विद्यालय हटा एवं श्री राघवेंद्र सिंह हजारी शासकीय महाविद्यालय हटा से कहा है अधीनस्थ अधिकारियों/ कर्मचारियों को लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतगणना कर्मी (गणना पर्यवेक्षेक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर) का सामान्य प्रशिक्षण आज 16 मई को आयोजित किया गया है। मतगणना कर्मियों की निर्धारित सूची में यदि किसी शासकीय सेवक का स्थानांतरण, संलग्रीकरण जिले के अंतर्गत है, तो संबंधित को प्रशिक्षण की सूचना तामिल कराए साथ ही निलंबित एवं सेवानिवृत शासकीय सेवक के सूचना तामिल न कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराए।

## स्वास्थ्य टीम को छापामार कार्यवाही में बंद मिली क्लीनिक



**पटेरा।** नगर में भले ही बीसों झोलाछाप डॉक्टर निजी क्लीनिक चला रहे हों पर स्वास्थ्य टीम को आकस्मिक छापामार कार्यवाही में उक्त क्लीनिक बंद पाई गई व साक्षीगणों ने बयान में कई दिनों से बंद होना बताया है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक बरोनिया के नेतृत्व में टीम ने नगर के पांच क्लीनिकों डॉ बंगाली, सदाकत खान ए के कुरैशी, एएस कुरैशी व आरिफ खान के क्लीनिक पर छापे मारे जो सभी बंद पाई गई।

स्थानीय साक्षीगणों ने पंचनामा तैयार करते समय बताया कि कई दिनों से बंद है। डॉ श्री बरोनिया ने बताया कि इनकी शिकायत न होने के बाद भी उनकी टीम द्वारा छापामार कार्यवाही की गई। पंचनामा प्रतिवेदन जिला स्वास्थ्य अधिकारी व प्रतिलिपि कलेक्टर महोदय को भेज दी गई है। श्री बरोनिया ने बताया कि यह कार्यवाही आकस्मिक छापेमार होती रहेगी। टीम में बीएमओ के साथ सत्यम नेमा अमित अहिरवार आदि कर्मचारी शामिल थे।

### कुड़ई व कुम्हारी में शिकायतें पाई झूठ

पटेरा। फर्जी झोलाछाप के विरुद्ध कुम्हारी में प्राप्त शिकायत क्रमांक 2199 दिनांक 11मई 2024 के संबंध में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक बरोनिया ने दल सहित जांच की तो शिकायत झूठ पाई पंचनामा प्रतिवेदन जिला स्वास्थ्य अधिकारी को भेजा गया। जांच में तहसीलदार एस बी शर्मा, कुम्हारी पुलिस से एएसआई श्री मिश्रा व स्थानीय साक्षी शामिल थे। मोहित जैन व साक्षियों के कथनों शिकायत व रंजिशन झूठी व निराधार पाई गई। प्रतिवेदन जिला स्वास्थ्य अधिकारी को प्रेषित किया गया।

### कुड़ई में भी पाई शिकायत झूठी

पटेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ अशोक कुमार बरोनिया को प्राप्त शिकायत क्रमांक 2068 दिनांक 6.05.24 की गई थी। 15 मई को टीम ने उक्त शिकायत की जांच की तो संबंधित अनिल प्यासी भारत माता मेडीकल स्टोर्स संचालित करता है जो बंद पाया गया। स्थानीय निवासियों पवन लोधी, मझले भाई मूरत सिंह ने अपने बयानों में संबंधित द्वारा कोई क्लीनिक संचालित नही करना बताया गया। इस टीम में श्री बरोनिया के साथ तहसीलदार पटेरा एस बी शर्मा थाना प्रभारी पटेरा अमित मिश्रा शामिल थे। बीएमओ ने प्रतिवेदन जिला स्वास्थ्य अधिकारी को प्रेषित किया है।

## आंगनबाड़ी केंद्र भवन घटिया निर्माण की भेंट चढ़ा



**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मारा के ग्राम छापरी सड़क में वर्ष 2013-14 आंगनबाड़ी केंद्र करीब 5 लाख रुपए की लागत से बनाया गया जो करीब 4-5 वर्ष पहले बनाया गया जिसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत थी। लेकिन सोचने वाली बात है इस भवन में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। जिससे भवन बनने के बाद से आज तक उपयोग नही किया गया। ना आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका द्वारा इसमें केंद्र का संचालन किया गया। जिससे भवन जर्जर हालत में हो गया जिसमें बाहर व अंदर से छपाई अपने आप निकल रही है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आज तक ध्यान नही दिया गया ना ही कोई कार्यवाही की गई।

## 15 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि पर सेन्ट नॉर्बर्ट स्कूल के प्राचार्य को सूचना पत्र जारी

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव एसके नेमा ने सेन्ट नॉर्बर्ट सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के प्राचार्य को सूचना पत्र जारी कर 03 दिवस के भीतर कक्षा 7 वीं से 10 वीं तक 10 प्रतिशत से अधिक एवं 15 प्रतिशत तक फीस वृद्धि एवं कक्षा 02 से कक्षा 05 तक 15 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि के समुचित आधारों का उल्लेख करते हुये आवश्यक दस्तावेजों के साथ फीस वृद्धि के दस्तावेज मय आधार राज्य समिति को प्रेषित करने हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों पर विनियमन) जिला समिति दमोह में प्रस्तुत करने निर्देशित किया है। जारी सूचना पत्र में कहा गया है कि यदि समय सीमा में अपना पक्ष रखने में विफल होते हैं तो विद्यालय के विरूद्ध मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों पर विनियमन) नियम 2020 के अंतर्गत एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी जिसके लिये विद्यालय प्रबंधन स्वयं उत्तरदायी होगा। ज्ञातव्य है मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों पर विनियमन) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के अनुसार 15 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि को विनियमित करने हेतु राज्य समिति को अधिकृत किया गया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विगत सत्र 2023-24 की फीस एवं सत्र 2024-25 हेतु प्रस्तावित वार्षिक फीस संरचना की जानकारी वेबसाइट लिंक http;//dpimp.in/ के माध्यम से प्रविष्ट की गई है । सत्र 2023-24 की फीस एवं सत्र 2024-25 हेतु प्रस्तावित वार्षिक फीस संरचना का तुलनात्मक अवलोकन करने पर कक्षा 02 में 15.12 प्रतिशत, कक्षा 03 में 15.12 प्रतिशत, कक्षा 04 दमें 15.12 प्रतिशत, कक्षा 05 वीं 15.12 प्रतिशत, कक्षा 7 वीं में 13.29 प्रतिशत, कक्षा 8 वीं में 13.29 प्रतिशत एवं कक्षा 10 वीं में 12.05 प्रतिशत से अधिक पायी गई।

### पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार, जांच जारी

## पीटपीट कर अधेड़ व्यक्ति की हत्या पांच लोगों पर हत्या का मामला दर्ज



**मडियादो।** मड़यिादो में एक 50 वर्षीय अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का घटनाक्रम सामने आया है। मृतक एक नाले के पास बेहोशी अवस्था में पड़ा मिला जिसे प्राथमिक स्वास्थ केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया । म्रतक शंकर आदिवासी की बाबा घाट नाले के पास अचेत अवस्था मे पड़े होने की सूचना पर पुलिस व परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़यिादो लेकर पँहुचे यंहा डाक्टरो ने म्रत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र महेश ने बताया की उसके मुहल्ले के एक परिवार के लोगो ने पीट पीट कर उसके पिता की हत्या की है। घटना की सूचना पर मड़यिादो थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे व पुलिस मौके पर पँहुची । म्रतक के परिजन गांव के ही एक ही परिवार के 5 लोगो पर नामजद हत्या के आरोप लगा रहे है। बताया जा रहा म्रतक व आरोपी पक्ष विज्जू आदिवासी में सुबह विवाद भी हुआ था जिसकी शिकायत विज्जु द्वारा पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी इसी बीच थोड़ी देर बाद म्रतक के बाबा घाट के पास पड़े होने की सूचना परिजनों सहित पुलिस को मिली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पंचानामा कार्यवाही कर मामले की जांच शुरू की है। परिजनों द्वारा लगाए गए हत्या के आरोप में दो लोगो को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे ने बताया की मृतक की पत्नी और लड़के के कथनों पर 5 लोगो के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। दो आरोपियों विज्जू ओर उसके लड़के बद्री को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य को तलाश की जा रही है। हत्या किस वजह से की गई इसकी जांच की जा रही है।

## नगर में तीन-तीन निर्यापकों का महामिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कुंडलपुर में आचार्य पदरोहण समारोह के लिए पधारे सभी मुनिगनों का विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्रस्थान जारी है इसी क्रम में निर्यापक मुनि श्री वीर सागर जी का आगमन दमोह नगर में हुआ। नगर में पूर्व से विराजमान निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी एवं निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी के संघ सहित महा मिलन देखने का सौभाग्य भक्तगणों को प्राप्त हुआ। निर्यापक मुनि श्री वीर सागर जी के नगर आगमन की सूचना पाकर निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी एवं निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी वरिष्ठ होने के बावजूद निर्यापक मुनि श्री वीर सागर जी को लेने के लिए 2 किलोमीटर दूर धरम पुरा नाके के समीप पहुंचे। जहां पर मुनि संघ का



महामिलन हुआ। निर्यापक मुनि श्री वीर सागर जी ने गवासन से सड़क पर बैठकर निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज को नमन किया उसके बाद भाव विभोर होकर मुनि संघ ने निर्यापक सुधा सागर जी की प्रदक्षिणा की। जयकारों के साथ पूरा माहौल धर्ममय हो गया उसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ मुनि संघ जैन धर्मशाला पहुंचा। स्थान स्थान पर मुनि संघ की आरती उतारी गई एवं पद परीक्षालन किया गया। अरिहंत विहार पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई के परिवार ने पद प्रक्षालन का सौभाग्य अर्जित किया इसके बाद हल्दी फार्म हाउस में मुनि श्री ने गौशाला को देखकर प्रशंसा की और अधिक गाय रखने का सुझाव दिया। दिगंबर जैन धर्मशाला में मुनि संघ के पद प्रक्षालन को सौभाग्य तहसीलदार मोहित जैन के परिवार को प्राप्त हुआ।

**इनको मिला आहार दान का सौभाग्य-** मुनि श्री सुधा सागर जी को आहार दान का सौभाग्य शैलेंद्र मयूर परिवार, मुनि श्री प्रसाद सागर जी को आहार दान का सौभाग्य ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया परिवार, मुनि श्री वीर सागर जी को आहार दान का सौभाग्य वीरेश सेठ परिवार, मुनि श्री पदम सागर आहार दान का सौभाग्य नवीन निराला परिवार एवं मुनि श्री शीतल सागर जी को को आहार दान का सौभाग्य शैलेंद्र बजाज परिवार, गंभीर सागर महाराज को और करने का सौभाग्य नेम चंद्र बजाज परिवार को प्राप्त हुआ।

### वास्तविक जन्म गुरु के चरणों में होता है- मुनि श्री वीर सागर जी

**दमोह ।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर धर्मशाला में बुधवार सुबह आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए निर्यापक मुनि श्री वीर सागर जी महाराज ने कहा कि मां से तो मनुष्य का औपचारिक जन्म होता है किंतु वास्तविक जन्म तो गुरु के चरणों में होता है। गुरु ही हमें सिखाते हैं की आत्मा का विकास कैसे किया जाता है अध्यात्म और आगम की वाणी गुरु मुख से ही सीखने को प्राप्त होती है। आचार्य भगवान के पश्चात पूज्य नवाचार समय सागर जी महाराज ने



मुझे सब कुछ समझाया और इस तरह विकास होता गया। 2015 में राजस्थान में जब पूज्य निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के साथ मुझे दो माह प्रवास का सौभाग्य प्राप्त हुआ तो उसमें मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। श्रद्धा कैसी होती है, समर्पण कैसा होता है, साधना कैसी होती है। यह सब कुछ निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज से बेहतर कोई नहीं समझा सकता शास्त्रों को पढ़ना अलग है और मोक्ष मार्ग में व्यावहारिक ज्ञान अलग होता है जीवन का उत्थान श्रद्धा और समर्पण के बिना कुछ भी नहीं इसकी सही परिभाषा निर्यापक सुधा सागर जी महाराज के चरणों में ही प्राप्त होती है। निश्चिंत्यता एवं निर्भयता उनके चरणों में सीखने को मिलती है। निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी महाराज ने कहा की जब टीम संगठित होती है तभी हमें विजय प्राप्त होती है गुरु देव के जाने के बाद हम सबको संगठित होकर ही धर्म प्रभावना के कार्य में संलग्न रहना चाहिए। सभा के अंत में निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने कहा कि महापुरुषों की व्यथा हमारे लिए कथा बन जाती है महापुरुषों की अशुभ कर्मों की लीला व्यथा के रूप में हमारे समक्ष होती है और वह कथा के रूप में जिनवाणी के रूप में पूज्य हो जाती है तीर्थंकर जब मुनिराज बनते हैं तो आत्मा के संबंध में कुछ नहीं जानते किंतु श्रद्धा और आस्था के बल पर एक दिन मोक्ष महल को प्राप्त कर लेते हैं हमारे ऊपर गुरु का बहुत उपकार है किंतु सिद्धि नहीं हो रही है णमोकार मंत्र प्राप्त होना अलग बात है किंतु उसकी सिद्धि होना बात अलग है मैना सुंदरी ने सिद्ध चक्र महामंडल विधान को सिद्ध कर लिया था उसका फल उसको प्राप्त हुआ श्रावक जब मुनिराज को इस उद्देश्य से आहार देता है की महाराज की सामायएक अच्छी हो स्वाध्याय अच्छा हो तो आहार की की सिद्धि हो जाती है ।

## गौशाला अध्यक्ष संजय जैन अहिंसा महावीर चक्र से सम्मानित



**तेंदूखेड़ा।** नगर में संचालित आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला के अध्यक्ष संजय कुमार जैन को दमोह में आयोजित अहिंसा अलंकरण कार्यक्रम में अहिंसा महावीर चक्र से सम्मानित किया गया।सोमवार को दमोह के नन्हें मंदिर में विराजमान निर्यापक श्रमण पुवंग मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के सानिध्य में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शाकाहार उपासना परिसंघ के द्वारा अहिंसा अलंकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिवर्ष अहिंसा एवं शाकाहार तथा धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाता है। इस वर्ष इस वर्ष अहिंसा एवं शाकाहार के क्षेत्र में गौशाला अध्यक्ष तेंदूखेड़ा संजय कुमार जैन को अहिंसा महावीर चक्र से सम्मानित किया गया एवं एवं दमोह के दानवीर संजय जैन अरिहंत को धर्म महावीर चक्र से पुरस्कृत किया गया। संस्था द्वारा यह कार्यक्रम विगत 30 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रतिवर्ष दो पुरस्कार दिए जाते हैं इसके पूर्व यह पुरस्कार देश के जाने-माने जैन समाज के भारतवर्ष के भामाशाह अशोक पाटनी , प्रभात मुंबई, कुंडल के ऊपर के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघल कुंडलपुर कार्यक्रम के संयोजक वीरेश सेठ को सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम में कार्यक्रम में गौशाला परिवार से अध्यक्ष संजय कुमार जैन के अलावा अमरचंद जैन, विजय कुमार पप्पू जैन सत्येंद्र कुमार जैन एवं विदित सिंह तोमर मौजूद रहे।